# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद



प्रस्तुति:अमिता सिंह
प्रवक्ता: शिक्षाशास्त्र जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान
मथुरा

# शिक्षण बिन्दु

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के मुख्य कार्य
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की इकाईया

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा1981 मे की गयी थी
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक शोध, सेवापूर्व एवम सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, तथा पाठ्य पुस्तकों का निर्माण करना है

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के मुख्य कार्य

- प्राथमिक शिक्षकों के लिए सेवा पूर्व एवं सेवारत प्रशिक्षण की व्यवस्था
- पाठ्यक्रम पाठ्यवस्तु पाठ्य पुस्तकों शिक्षक निर्देशिका एवं अन्य सहायक पाठ्य सामग्री का निर्माण
- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए करना शोध कार्य एवं सर्वे आयोजित करना
- नवाचारो को प्रोत्साहन देना

- शिक्षक प्रशिक्षक एवं शिक्षक प्रशासकों में दक्षता निर्माण करना
- राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी का आयोजन करना
- एनसीटीई से मान्यता प्राप्त प्राइवेट संस्थानों को बीटीसी तथा एनटीटी कोर्स के लिए संबद्धता प्रदान करना
- बालकों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2011 के भाग 7 अनुच्छेद 29 के अंतर्गत पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया का निर्धारण करना

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की इकाईयां

| |
|---|
| **उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान प्रयागराज** |
| **अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी** |
| **राज्य विज्ञान संस्थान प्रयागराज** |
| **राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज** |
| **मनोविज्ञान शाला प्रयागराज** |
| **राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी** |
| **आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान प्रयागराज** |
| **राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान लखनऊ** |
| **राजकीय शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय आगरा, इलाहाबाद** |
| **राजकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय इलाहाबाद, रामपुर** |
| जिला **शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान** |

# उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान प्रयागराज

स्थापना –

- राजकीय केंद्रीय शिक्षण संस्थान इलाहाबाद को उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में 1985 में स्थापित किया गया

मुख्य कार्य

- डाइट के प्रशासनिक एवं अकादमिक संकाय तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी के के उन्नयन के के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना
- माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों मे शिक्षण कौशल तथा शिक्षण दक्षता के विकास के लिए लिए विषय आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्कशॉप तथा शोध कार्यों का आयोजन करना

# अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी

स्थापना

- राजकीय रचनात्मक महाविद्यालय लखनऊ राजकीय महिला गृह विज्ञान प्रशिक्षण महाविद्यालय इलाहाबाद तथा राजकीय बेसिक ट्रेनिंग कॉलेज वाराणसी को मिलाकर कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन के रूप में 1986 में स्थापित किया गया

मुख्य कार्य

- उच्च प्राथमिक, माध्यमिक स्तर के शिक्षकों एवं डायट प्रशिक्षकों की विषय आधारित दक्षता एवं कौशलों के विकास के लिए वर्कशॉप एवं शोध कार्यक्रमों का आयोजन करना

# राज्य विज्ञान संस्थान प्रयागराज

मुख्य कार्य

- विज्ञान तथा गणित की पाठ्य पुस्तकों का निर्माण
- विज्ञान तथा गणित में प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्कशॉप सर्वे सेमिनार एवं शोध कार्यों का आयोजन कराना
- विज्ञान एवं गणित को रोचक बनाने हेतु विज्ञान प्रदर्शनी का प्रतिवर्ष आयोजन कराना

# राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज

मुख्य कार्य

- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए पाठ्यचर्या एवं पाठ्य पुस्तकों का निर्माण
- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल शिक्षक निर्देशिका का निर्माण
- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों शोध कार्य एवं प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप का आयोजन कराना
- शोध जर्नल "अधिगम" का प्रकाशन

# मनोविज्ञान शाला प्रयागराज

स्थापना

- आचार्य नरेंद्र देव समिति की सिफारिश पर 1947 में मनोविज्ञानशाला उत्तर प्रदेश की स्थापना इलाहाबाद में की गई यह भारत की प्रथम मनोविज्ञानशाला है

मुख्य कार्य

- विद्यालय में बच्चों की मानसिक समस्याओं के निदान के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का निर्माण करना
- शिक्षक प्रशिक्षण सामग्री का निर्माण करना
- राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन करना
- मनोविज्ञान एवं निर्देशन मे "डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड साइकोलॉजी" का संचालन कराना
- जरूरतमंद बच्चों के लिए नेशनल मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन कराना

# राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी

मुख्य कार्य

- संस्कृत तथा हिंदी भाषा में पाठ्यपुस्तक एवं सहायक पुस्तकों का निर्माण कराना
- हिंदी शिक्षकों को नवीनतम हिंदी शिक्षण तकनीको से परिचित कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्कशॉप का आयोजन कराना
- शोध कार्यों का आयोजन आयोजन कराना

# आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान प्रयागराज

मुख्य कार्य

- अंग्रेजी भाषा की पाठ्य पुस्तकों का विकास
- अंग्रेजी शिक्षण तकनीक में गुणात्मक उन्नयन अंग्रेजी शिक्षण हेतु सहायक सामग्री का निर्माण
- अंग्रेजी भाषा में डिप्लोमा कोर्स का संचालन
- एनसीएफ 2005 के परिप्रेक्ष्य में अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा एवं अंग्रेजी शिक्षण तकनीक पर आधारित मॉड्यूल्स का विकास

# राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान लखनऊ

मुख्य कार्य

- शैक्षिक टेलीविजन और रेडियो कार्यक्रम का निर्माण करना
- शैक्षिक कार्यक्रमों को फिल्म नाटक आदि के रूप में विकसित कर उनकी सी डी तैयार करना
- जिले की शैक्षिक आवश्यकताओं का विश्लेषण करके शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सुविधाओं का प्रावधान करना

# राजकीय शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय आगरा, इलाहाबाद

मुख्य कार्य

- बच्चों की देखभाल के साथ उनको पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु शिक्षकों में समझ विकसित करना
- विशिष्ट बच्चों से जुड़ी अवधारणाओं के प्रति शिक्षकों में समझ विकसित करना
- शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा 2 वर्षीय C.T. (नर्सरी) प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है

# राजकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय इलाहाबाद, रामपुर

मुख्य कार्य

- शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षक तैयार करना
- 2 वर्षीय डीपी डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन का कोर्स का संचालन

# जिला शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान

- Next class